(1) छह सी-बैण्ड संचार ट्रांसपोण्डरों तक

(2) एक एस-बण्ड प्रसारण ट्रांसपोण्डर

(3) सम्पूर्ण मौसमविज्ञानीय प्रतिबिम्बन प्रणाली (वी. एच. आर. आर.)

(4) सम्पूर्ण आंकड़ा रिले ट्रांसपोण्डर (डी. आर. टी.)

(ख) इस समय उपलब्ध नीतभार सम्पूरक के अधिकतम प्रचालन को सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है।

**Conversion cf Indians in Fiji to Christianity**

*316. SHRI MUKHTIAR SINGH MALIK:

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY:

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the press report which appeared in the "Indian Express" dated the-23rd July, 1988 wherein it has been stated that Brig. Gen. Rebuka of Fiji has been forcing Indian Hindus and Muslims to convert to Christianity and declare the country as a Christian nation;

(b) if so, whether the Government of India have protested to the Fiji Government in regard thereto; and

(c) whether any steps have been taken or are proposed to be taken by the Government of India to protect the Indians in Fiji and if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI K. NATWAR SINGH): (a) to (c) Government has seen the report. In a book by Brig. Rebuka called "No Other Way" references are made to his desire to see Indians in Fiji converted to Christianity. He is also quoted as saying that Fiji should be ' declared a Christian nation. These are, evidently, Brig. Rebuka's personal views.

We have no confirmation of any actual conversions to Christianity having taken place.

**सम्पत्ति में औरतों के लिए अधिकार**

*317. कुमारी सुशीला तिरिया :
श्रीमती वीणा वर्मा :

क्या विधि और न्याय मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मौजूदा पारिवारिक ढांचे में आम तौर पर औरतों के स्वामित्व में कोई संपत्ति नहीं होती है, इसलिये उन्हें स्वतन्त्र रूप से कर्ज लेने का हकदार नहीं समझा जाता है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार औरतों को सम्पत्ति में अधिकार दिलाने के लिये क्या कदम उठाने का विचार रखती है ; और

(ग) क्या भारतीय नारी को पत्नी के रूप में अपने पति की सम्पत्ति में कोई अधिकार है और वह कब अपने पति की सम्पत्ति में अधिकार पाने की पात्र होती है ?

विधि और न्याय मंत्री तथा जल संसाधन मंत्री (श्री बी. शंकरानन्द) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ग) पत्नी को, विवाह करते ही, पति की सम्पत्ति में अधिकार प्राप्त हो जाता है ।